जन्मदिन मुबारक

अंकुर जैन
पुत्रः रमेश चंद जैन
(टोंक)

मुन्ना लाल
पुत्रः नाथूलाल कुमावत
(जयपुर)

पंजाब केसरी
सदा आपके साथ
जन्मदिन विवाह वर्षगांठ

बेटे/बिटिया के जन्मदिन | नव-विवाहित जोड़े की | अपने विवाह की वर्षगांठ की

फोटो हमें भेजें। प्रकाशन निःशुल्क होगा
newsjpr@punjabkesari.net.in
whatsapp
9803164436
नोटः मेल में नाम, माता-पिता का नाम, पता और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें।

-इफ्तार : शाम : 6 : 26 बजे
सहरी : सुबह : 5 :29 बजे

सख्ती : आरटीई में पहली बार पेरेंट्स को देना होगा पैन कार्ड

शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों में फर्जी आय-प्रमाण पत्र देने वालों के खिलाफ बनाया नियम, दोगुनी फीस वसूली और एफआईआर भी होगी

बीकानेर, 21 फरवरी (प्रेम) : राजस्थान के निजी स्कूलों में आरटीई के तहत फ्री एडमिशन में फर्जी आय प्रमाण-पत्र देने पर कार्रवाई के लिए इस बार सख्ती की गई है। पहली बार पैन कार्ड नंबर अनिवार्य किया गया है। साथ ही गलत जानकारी देने पर दोगुना फीस वसूली जाएगी और एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी : आरटीई के तहत होने वाले एडमिशन के लिए 20 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं, जो 4 मार्च तक चलेंगे। इसके बाद 6 मार्च को लॉटरी निकाली जाएगी। 13 फरवरी को जारी आदेश इस बार की प्रवेश प्रक्रिया में लागू होंगे।

सख्ती से होगी कार्रवाई : शिक्षा विभाग की ओर से हाल ही में जारी आरटीई प्रवेश दिशा.निर्देशों में साफ किया है कि यदि कोई पेरेंट्स फर्जी आय प्रमाण पत्र के आधार पर प्रवेश लेता है तो उससे स्कूल की मूल फीस की दोगुना राशि वसूली जाएगी। इसके साथ ही संबंधित स्कूल अभिभावक पर कानूनी कार्रवाई भी कर सकेगा।

पहली बार मांगा गया पैन कार्ड : इस बार आवेदन पत्र में पहली बार पैन कार्ड की जानकारी मांगी गई है। यदि पेरेंट्स के पास पैन कार्ड है तो उसे पैन नंबर देना अनिवार्य होगा। पैन नंबर के आधार पर शिक्षा विभाग या प्राइवेट स्कूल आय की जांच कर सकेंगे। जिनके पास पैन कार्ड नहीं हैए उनके लिए पैन नंबर भरना जरूरी नहीं होगा। शिक्षा विभाग की सहायक निदेशक और आरटीई एडमिशन प्रभारी चंद्र किरण पंवार ने बताया कि पैन कार्ड की जानकारी पहली बार ली जा रही है,जिनके पास पैन कार्ड है। उन्हें ही नंबर देना होगा। यदि जांच में फर्जीवाड़ा साबित होता है तो एडमिशन रद्द कर दिया जाएगा और दोगुना फीस वसूली जाएगी। स्कूल की ओर से कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

शक होने पर स्कूल करेगा जांच : सहायक निदेशक चंद्र किरण पंवार ने बताया कि आरटीई में एडमिशन के दौरान पहले स्कूल स्तर पर ही जांच की जाएगी। इस दौरान स्कूल पैन कार्ड मांग सकता है। अगर कोई अभिभावक कहता है कि उसके पास पैन कार्ड नहीं है और स्कूल को उसकी आर्थिक स्थिति पर शक होता हैए तो स्कूल अपनी तरफ से जांच करेगा। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग को शिकायत पत्र भेजेगा और बताएगा कि किस दस्तावेज पर संदेह है। फिर, शिक्षा विभाग जांच के लिए संबंधित अभिभावक से इनकम टैक्स

रिटर्नजमा कराने को कहेगा। अगर आय प्रमाण-प्तर जमा करने के बाद कोई गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा सामने आता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और उससे दोगुनी फीस वसूली जाएगी।

कानूनी कार्रवाई का जिम्मा : नए आदेश में केस दर्ज कराने की जिम्मेदारी निजी स्कूलों को दी गई है। शिक्षा विभाग ने सीधे मुकदमा दर्ज कराने की जिम्मेदारी नहीं ली है। आमतौर पर स्कूल संचालक कानूनी प्रक्रिया से बचते हैं, ऐसे में इस प्रावधान के लागू होने को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं।

हर साल लाखों एडमिशन : राजस्थान में हर साल आरटीई के तहत लाखों एडमिशन होते हैं। पिछले साल 3.39 लाख आवेदन मिले थे। तब केवल नर्सरी और फर्स्ट क्लास में एडमिशन हुए थे, लेकिन इस बार नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और फर्स्ट चार क्लास में एडमिशन होंगे।अब तक आय प्रमाण पत्र सामान्य फॉर्म पर बनवाकर स्कूल में जमा किया जाता था। इसी प्रक्रिया का दुरुपयोग कर फर्जी एडमिशन की शिकायतें सामने आती रही हैं।

आय प्रमाण-पत्र देने में ऐसे होता है फर्जीवाड़ा

आमतौर पर पेरेंट्स ई.मित्र संचालक को आय प्रमाण-पत्र बनवाने की जिम्मेदारी देते हैं। कुछ मामलों में आरोप है कि ई-मित्र संचालक गजेटेड अधिकारी की मोहर का गलत इस्तेमाल कर फर्जी हस्ताक्षर के साथ प्रमाण-पत्र जारी कर देते हैं। यदि जांच में यह साबित होता है कि किसी ई-मित्र संचालक ने फर्जी हस्ताक्षर या मोहर का इस्तेमाल किया है तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग का कहना है कि सख्ती का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को योजना का सही लाभ देना है,ताकि हकदार वंचित नहीं हो पाए।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को फायदा : शिक्षा विभाग का कहना है कि इस सख्ती से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को फायदा होगा। फर्जी एडमिशन रुकेंगे तो जरूरतमंद बच्चों को सीट मिलेगी। गरीब परिवार प्रभावित नहीं होंगे। यदि कोई पेरेंट्स आवेदन में लिखता है कि उसके पास पैन कार्ड नहीं है तो उसे किसी तरह की अतिरिक्त जानकारी देने की जरूरत नहीं है।

पर्दाफाश : 15 से अधिक चोरियों में सात आरोपी काबू,बीकानेर व नागौर में चोरी करना कबूला

बीकानेर, 21 फरवरी (प्रेम) : बीकानेर के जेएनवीसी थाना पुलिस ने शहर में चोरी और नकबजनी की वारदातों का खुलासा करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बीकानेर शहर व नागौर जिले में 15 से अधिक चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।

पुलिस के अनुसार 13 फरवरी 2026 को प्रार्थी कृष्णकांत मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 फरवरी को मकान का ताला तोड़कर 25 हजार रुपए नकद, एक कैमरा सहित अन्य सामान चोरी कर लिया।

सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से सुराग : थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, टॉवर लोकेशन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। आरोपी रात में बाइक से घूमकर सूने मकानों की

रेकी करते थे। मुख्य गेट पर ताला लगे मकानों की दीवार फांदते, लोहे के सरियों से ताले तोड़कर नकदी व जेवर चोरी करते हैं।

ये आरोपी गिरफ्तार : विकास (20) निवासी रामदेव मंदिर के पास, शिवबाड़ी, थाना जेएनवीसी, नदीम (24) निवासी लक्ष्मी तारा सिनेमा के पीछ, इस्लामपुरा, थाना कोतवाली, जिला नागौर,निखिल तेजी(22) निवासी वाल्मीकि बस्ती. शिवबाड़ी,थाना जेएनवीसी,अजीत (25) निवासी उदयरामसर, थाना गंगाशहर,राकेश शर्मा (54) निवासी लक्ष्मी विहार कॉलोनी, जयपुर रोड, थाना सदर, वीरेंद्र (22) निवासी वार्ड नंबर 2, थाना कोलायत, भगवानराम (25) निवासी सुरधना चौहानान, थाना देशनोक शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों से सख्ती के साथ पूछताछ की जा रही है।

मंदिर के गर्भगृह से 8 चांदी के छत्र चोरी

चूरू,21 फरवरी (नवरतन वर्मा) : चूरू के घांघू गांव स्थित जीणमाता मंदिर में चोरी की वारदात हुई है। यह घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज सामने आया है। चोर 19 फरवरी की रात मंदिर में घुसे और चोरी को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, चोर जूते पहनकर मंदिर के अंदर घुसा। उसने पहले मंदिर के गेट का ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा। इसके बाद चोर ने दानपात्र को निशाना बनाया। फिर उसने दोबारा मंदिर के गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की और सफल होकर गर्भगृह में प्रवेश कर गया। फुटेज में साफ दिखाई देता है कि आरोपी ने आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रात करीब 2 बजकर 12 मिनट पर चोर चोरी करे मंदिर से फरार हो गया। चोर मंदिर से लगभग आठ किलो वजनी चांदी के 8 बड़े छत्र, कुछ सोने के सिक्के और दानपात्र से करीब 80 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गया। घांघू निवासी नवीन शर्मा ने इस संबंध में सदर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

82,09 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर पकड़े

श्रीगंगानगर,21 फरवरी (ब्यूरो) : श्रीगंगानगर जिले की विजयनगर थाना पुलिस ने 82.09 ग्राम हेरोइन के साथ तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला तस्कर भी है। आरोपियों ने पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। विजयनगर थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम शहर में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि तीन नशा तस्कर. जिनमें एक महिला भी शामिल है। वह बस स्टैंड के आस-पास नशा बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने जब आरोपियों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने धर्मप्रीत (25), हीरा सिंह (67) व राजवीर कौर (33) को गिरफ्तार कर लिया। तीनों नशा तस्कर विजयनगर (श्रीगंगानगर) के रहने वाले हैं। फिलहाल, पुलिस इनका नेटवर्क तलाश करने में जुटी है।

डिजिटल अरेस्ट ठगी के 2 और आरोपी गिरफ्तार

45 लाख की ठगी में किराए के बैंक खातों का करते थे इस्तेमाल,पुलिस जांच में खुलासा

हनुमानगढ़ : ठगी के दोनों आरोपी।

हनुमानगढ़, 21 फरवरी (बाल कृष्ण थरेजा) : हनुमानगढ़ साइबर थाना पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर 45 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के 2 और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की पहचान लुधियाना निवासी संदीप कुमार (27) और अजय (26) के रूप में हुई है। इन दोनों के बैंक खातों में 5 राज्यों से संबंधित लगभग 22 लाख रुपए की साइबर ठगी की 5 शिकायतें दर्ज हैं।

थानाधिकारी रघुवीर सिंह बीका के नेतृत्व में एक टीम ने तकनीकी जांच और मुखबिरों की सूचना के आधार पर इन म्यूल अकाउंट धारकों को लुधियाना से पकड़ा। इस मामले में पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। यह मामला सावन कॉलोनी निवासी राजेश की ओर से 14 अक्टूबर 2023 को दर्ज कराई रिपोर्ट से जुड़ा है। राजेश ने पुलिस को बताया था कि उसें मुंबई क्राइम ब्रांच और ईडी के नाम से व्हाट्सऐप कॉल करके डराया गया। उन्हें आधार से जुड़े सिम और मनी लॉन्ड्रिंग का झांसा देकर सुप्रीम कोर्ट के नाम से एक फर्जी गिरफ्तारी वारंट भेजा गया था। इन धमकियों से घबराकर दो दिनों के भीतर 45.21 लाख रुपए ठगों के फर्जी खातों में ट्रांसफर कर दिए थे।

बीदासर में 54 किलो पॉलिथीन की जब्त

व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित 11 विक्रेताओं पर कार्रवाई

चूरू, 21 फरवरी (नवरतन वर्मा) : चूरू जिले के बीदासर कस्बे में नगरपालिका ने प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के तहत विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से कुल 54 किलो 910 ग्राम पॉलिथीन जब्त की गई। इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

पालिका की टीम ने बीदासर व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित 11 थोक विक्रेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद की गई, जिसे तुरंत जब्त कर लिया गया।

पर्यावरण को नुकसान : नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत गौड़ ने बताया कि सहायक अभियंता मुकेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर शहर के कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर यह अभियान चलाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग पूरी तरह बंद किया जाना चाहिए। पॉलिथीन के उपयोग से शहर के सौंदर्यकरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ में पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में प्रतिबंधित पॉलिथीन का विक्रय करते पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ में चालान भी किया जाएगा।

कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग करें : नगरपालिका ने नागरिकों से कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग करने की अपील की है। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक गिरधारीलाल, जमादार तेजपाल, अशोक कुमार, विजेश रेगर, नौरतमल रैगर और मुरलीमनोहर सहित नगरपालिका के कई अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

पत्नी की बेवफाई पति ने फांसी लगाई

सुसाइड नोट में बयां मृतक का दर्द

भीलवाड़ा, 21 फरवरी (मुकेश राठी) : शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू पटेल नगर में शनिवार सुबह एक 40 वर्षीय युवक आनंद सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उसने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर आत्महत्या की वजह बताई है।

मृतक आनंद सिंह की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जो उनकी मौत की पूरी कहानी खुद बयां कर रहा है। नोट में स्पष्ट रूप से अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत नी कोमल देवी और उसके प्रेमी मनोज वर्मा को ठहराया गया है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पत्नी कोमल देवी कुछ समय पहले अपने प्रेमी मनोज वर्मा के साथ भाग गई थी। करीब दो महीने बाद वह वापस लौटी, लेकिन प्रेमी का पीछा नहीं छूटा। प्रेमी मनोज वर्मा प्रमिका के पति आनंद सिंह को फोन कर धमकियां दे रहा था कि कोमल मेरी पत्नी है. मैं उसे लेकर जाऊंगा...तुझे जो करना है-वह कर ले...।

धोखा देकर बच्चों सहित फिर हुई फरार : आनंद सिंह का सब्र तब टूटा जब 19 फरवरी को कोमल देवी अपने प्रेमी के साथ एक बार फिर फरार हो गई। इतना ही नहीं अपने साथ दोनों मासूम बच्चों को भी ले गई। पीछे से वह एक पत्र छोड़ गई, जिसे पढक़र आनंद सिंह पूरी तरह टूट गया। सूचना मिलते ही प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

नींद की झपकी से 33 केवी विद्युत पोल से टकराई बोलेरो

20 मीटर तक घिसटा पोल

बीकानेर, 21 फरवरी (प्रेम): जिले के महाजन थाना क्षेत्र में जैतपुर के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बोलेरो चालक को नींद की झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे 33 केवी विद्युत पोल से जा टकराया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए पल्लू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चालक अरजनसर से पल्लू की ओर जा रहा था। जैतपुर से आगे रत्नादेसर के पास अचानक झपकी आने से बोलेरो सीधे विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन पोल को करीब 20

मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में पोल पूरी तरह टूट गया और बोलेरो सड़क किनारे खेत में पलट गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पोल टूटने से आसपास के आधा दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

टोंक चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से 'उद्योग रत्न' सम्मान समारोह आयोजित

'उद्योग में चुनौतियां बढ़ रहीं,समाधान जरूरी'

टोंक, 21 फरवरी (भगवान सहाय शर्मा) : शहर के एक निजी होटल में टोंक चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से टोंक उद्योग रत्न अवार्ड समारोह में बड़ी संख्या में प्रमुख कारोबारी जुटे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज उधोग चलाना चुनौतीपूर्ण कार्य है। कच्चे माल, उत्पादन,

खपत, सरकारी टैक्स,बिजली आपूर्ति,मार्केट में मूल्य से लेकर अन्य कई समस्याएं हैं। इनका समाधान सामूहिक प्रयासों से जरूरी है। तभी कोई कारोबारी आगे बढ़ेगा।

21 प्रमुख कारोबारी सम्मानित : सम्मान समारोह में जिले की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 21 श्रेष्ठ उद्यमियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जगन्नाथपुरी मंदिर (ओडिशा) के मुख्य महंत देतापति भाभानी दास महाराज रहे। उन्होंने उद्यमियों को ईमानदारी एवं समर्पण के साथ समाज सेवा की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष दीपक मेहता एवं सामाजिक कार्यकर्ता ओपी राजपुरोहित रहे। इससे पहले उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उद्योग रत्न से सम्मानित होने वाले उद्यमियों को चैंबर की ओर से दैतापति भाभानी दास ने शॉल,दुपट्टा व ट्रॉफी देकर नवाजा गया। **इनको मिला सम्मान :** सम्मानित होने वाले उद्योगपतियों में प्रमुख व्यवसायी मोइनुद्दीन निज़ाम, बीएल जैन,ओपी गुप्ता ,सैंट सोल्जर शिक्षा समिति के निदेशक बाबू लाल शर्मा, आदर्श स्कूल देवली के मोहित मंगल, सैंट जोजफस्कूल के निदेशक गोरधन हिरोनी, अदिति हुंडई राहुल सिंघल, मेट्रोकेम मेटल्स नवल मंगल, बंसल हॉस्टिल के डॉ. राजीव बंसल व डॉ. शानू बंसल, श्री बालाजी इंडस्ट्रीज निवाई के निदेशक पारस जैन, सुशील जैन सौरभ एक्सपोर्ट, गजेंद्र जिंदल जी के स्टोन इंडस्ट्री देवली, सुनील बंसल द ओशियन रिसॉर्ट, शेलेष गोयल गोयल हॉस्पिटल टोंक, अजीत सिंघल कविता फूड इंडस्ट्री दुबई, धरम चंद बंसल एसकेडीके उनियारा शामिल रहे।

इसी प्रकार मदरलैंड चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक कमलेश सिंगोदिया,डीएस एग्रोटेक उनियारा दिनेश पाटोदी, राहुल जैन रेवेन्स इंडस्ट्रीज,दिनेश जैन एमसीएनके ग्रुप निवाई, लोकेश जैन डायरेक्टर श्री अमरेश्वर फूड प्रोडक्ट्स शामिल रहे। इसके अलावा टोंक की पांच संस्थाओं को भी विशिष्ट पुरस्कार दिया गया, जिसमें रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब को उनके समाजसेवा के कार्यो व समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए नवाजा गया। श्री व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनीष बंसल व श्री सर्राफा संघ के अध्यक्ष अतुल गर्ग, भागचंद जैन अध्यक्ष मंडी आड़तिया व्यापार संघ को भी ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह का संचालन शैलेंद्र गर्ग ने किया। समारोह के अंत में चैंबर के उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने सभी का आभार प्रकट किया।

रासायनिक खाद-बीज की खेती से बचें : राज्यपाल

मेड़तासिटी,21 फरवरी(राम स्वरूप टाक): राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शनिवार को मेड़ता तहसील क्षेत्र के मोररा, धांधलास, पांचडोलिया का दौरा किया। यहां पर वे किसानों, ग्रामीणों से मिलें। उनके साथ किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी,मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू सहित अन्य जनप्रतिनिधि थे। राज्यपाल बागड़े शनिवार को सुबह 11 बजे मेड़ता से आठ किमी दूर स्थित ग्राम पांचडोलिया पहुंचे। बाद में मेड़ता तहसील के ग्राम धांधलास में किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी के आवास पर किसानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के साथ- साथ पैतृक तकनीक से भी खेती करने पर जोर दिया। उन्होंने रासायनिक ऊर्वरकों से बचने का आह्वान किया है।

बेकाबू बाइक खड़े ट्रेलर से टकराई,युवक की मौत

मेड़तासिटी,21 फरवरी (राम स्वरूप टाक): मेड़ता-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित डांगावास बाईपास के निकट शनिवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। मेड़ता से 15 किमी दूर स्थित ग्राम धोलेराव कलां निवासी राजूराम पुत्र शंकरराम (35) अपने गांव धोलेराव से मेड़ता के लिए निकला था। रामकुमार पुत्र चूनाराम निवासी धोलेराव खुर्द भी साथ था। रास्ते में अचानक डांगावास हाईवे के पास स्थित महादेव होटल के निकट खड़े एक ट्रेलर से बाइक जा भिड़ी। हादसे में राजूराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामकुमार घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर मेड़ता पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

भवन निर्माण का किया निरीक्षण

हनुमानगढ,(;बालकृष्ण थरेजा) : पूर्व मुख्यमंत्री के मुख्य ओएसडी रहे आईएएस अधिकारी देवाराम सैनी ने शनिवार को हनुमानगढ़ दौरे के दौरान कृषि महाविद्यालय के नए भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि हनुमानगढ़ में कृषि महाविद्यालय वर्ष 2021 से पुराने भवन में संचालित हो रहा है।

क्विक रीड

एक ईनामी आरोपी दबोचा

भीलवाड़ा, (मुकेश राठी) : जिले कीम भीमगंज थाना पुलिस ने 5 हजार रुपए के इनामी और शातिर धोखाधड़ी के आरोपी नितेश बंसल (50) निवासी वैभव नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से बीएमडब्लू कार बरामद की है। थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की>

'संगीत जीवन का आधार'

हनुमानगढ़, (बाल कृष्ण थरेजा) पंजाबी गायिका एवं अभिनेत्री मन्नत नूर ने कहा है कि संगीत उनके जीवन का आधार है और बचपन से ही उनका इससे गहरा जुड़ाव रहा है। हनुमानगढ़ प्रवास के दौरान पंजाब केसरी को विशेष साक्षात्कार में उन्होंने अपने संगीत सफर, संघर्ष और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की। सुपरहिट गीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस गीत की सफलता के बाद उनकी जिंदगी में कई सकारात्मक बदलाव आए। सफलता के साथ अनुशासन और मेहनत की आवश्यकता है।

32 कचरा गाड़ियां बंद

टोंक,(भगवानसहाय शर्मा) : टोंक में दो माह से भुगतान नहीं मिलने पर हड़ताल शुरू हो गई। 32 कचरा गाड़ियां बंद रहने से वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। नगर परिषद क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले 50 से ज्यादा ड्राइवर और हेल्पर ने मानदेय, पीएफ और अन्य मांगों को लेकर काम बंद कर दिया।

आज का राशिफल

22 फरवरी 2026, रविवार

फाल्गुन शुक्ल तिथि पंचमी (पूर्व दोपहर 11.10 तक) तथा तदोपरांत तिथि षष्ठी। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति :-

सूर्य कुंभ में, **चन्द्रमा** मेष में, **मंगल** मकर में, **बुध** कुंभ में, **गुरु** मिथुन में, **शुक्र** कुंभ में, **शनि** मीन में, **राहू** कुंभ में, **केतु** सिंह में



विक्रमी सम्वत् : 2082, फाल्गुन प्रविष्टे 11, राष्ट्रीय शक सम्वत्: 1947, दिनांक: 3 (फाल्गुन), हिजरी साल 1447, महीना रमजान, तारीख 4, सूर्योदय: प्रात: 7.06 बजे, सूर्यास्त: सायं 6.16 बजे (जालंधर टाइम), नक्षत्र: अश्विनी (सायं 5.55 तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र भरणी, योग: शुक्ल (दोपहर 1.09 तक) तथा तदोपरांत योग ब्रह्म, चंद्रमा : मेष राशि पर (पूरा दिन-रात), सायं 5.55 तक जन्मे बच्चे को अश्विनी नक्षत्र की पूजा लगेगी। दिशा शूल: पश्चिम एवं नैऋत्य दिशा के लिए, राहूकाल: सायं साढ़े चार से छह बजे तक। पर्व, दिवस तथा त्यौहार: याज्ञवलक्य जयंती। **पं. असुरारि नंद शांडिल्य ज्योतिष रिसर्च सैंटर, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर।**

मेष : व्यापारिक तथा कामकाजी दशा संतोषजनक, यत्नों-प्रोग्रामों में कामयाबी मिलेगी, मगर मौसम के एक्सपोइजर से अपना बचाव रखना ठीक रहेगा।

वृष: सितारा खर्चों को बढ़ाने, अर्थ दशा टाइट रखने तथा आपकी किसी पेमैंट को फंसाने वाला, लेन-देन के काम भी अटैंटिव रह कर निपटाएं।

मिथुन: मिट्टी, रेता, बजरी, टिम्बर तथा कंस्ट्रक्शन मैटीरियल का काम करने वालों को अपने कामों में भरपूर लाभ मिलेगा, मान-सम्मान की प्राप्ति।

कर्क: सरकारी, गैर सरकारी कामों में कदम बढ़त की तरफ, शत्रु कमजोर रहेंगे, मगर गिरने, फिसलने तथा कहीं चोट लगने का डर रहेगा।

फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...
KundliTV By Punjab Kesari
https://www.facebook.com/KundliTv
https://www.youtube.com/c/KundliTv
रोजाना दोपहर 1 बजे | फेसबुक और यू ट्यूब पेज पर...

सिंह : किसी धार्मिक समागम के साथ जुड़ने, धार्मिक लिटरेचर पढ़ने, कथा वार्ता भजन कीर्तन सुनने में जी लगेगा, मान यश की प्राप्ति।

कन्या : सितारा सेहत के लिए एहतियात वाला, इसलिए खान-पान लिमिट में करना सही रहेगा, वैसे धार्मिक कामों में ध्यान।

तुला: अर्थ तथा कारोबारी दशा अच्छी, जिस काम के लिए यत्न करेंगे, उसमें कामयाबी मिलेगी, फैमिली फ्रंट पर तालमेल सद्भाव रहेगा।

वृश्चिक: शत्रु नुकसान पहुंचाने के लिए हर दाव खेल सकते हैं, इसलिए उन्हें कमजोर समझने की भूल कदापि न करनी चाहिए।

धनु : इरादों में मजबूती, भागदौड़ करने पर कोई स्कीम प्रोग्राम मैच्योर हो सकता है, मगर घटिया साथियों से दूरी बना कर रखें।

मकर: प्रापर्टी के किसी काम के लिए आपकी भागदौड़ अच्छा रिजल्ट दे सकती है, तेज-प्रभाव, दबदबा बना रहेगा।

कुंभ: किसी सज्जन-मित्र तथा किसी बड़े व्यक्ति के साथ मेल-मिलाप फ्रूटफुल रहेगा, शत्रु आपके समक्ष ठहर न सकेंगे।

मीन : सितारा धन लाभ के लिए अच्छा, कारोबारी टूरिंग, प्रोग्रामिंग, प्लानिंग लाभ देगी, मगर अपने क्रोध पर कंट्रोल रखें।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank (एआरएमबी) (824400) आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा कार्या. जयपुर 2 नेहरू प्लेस, टोंक रोड, जयपुर; मेल आईडीः cs8244@pnb.bank.in

चल सम्पत्ति की विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल आस्तियो के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
सर्व-साधारण को और विशेष रूप से ऋणियों/जमानतदारों को विशेषतः यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल सम्पत्ति जो बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का अधिग्रहण **रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक** रूप से **पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि, ऋणियों/जमानतदारों से पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार की बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। **आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि (धरोहर राशि)** संबंधित सम्पत्ति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

ई-नीलामी दिनांक :- 16.03.2026; को समय प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक

प्रतिभूत संपत्ति की अनुसूची

शाखा कार्यालय खाते का नाम ऋणी/जमानती का नाम व पता	चल सम्पत्ति का विवरण (स्वामी का नाम)	(ए) 13(2) नोटिस की दिनांक (बी) बकाया ऋण राशि (सी) कब्जा दिनांक (डी) कब्जे का प्रतीक प्रतिकात्मक/भौतिक/रचनात्मक	(ए) आरक्षित मूल्य (बी) धरोहर राशि/धरोहर राशि जमा कराने की अंतिम दिनांक (सी) बोली वृद्धि राशि (डी) निरीक्षण की दिनांक व समय
082500 पुष्कर **मैसर्स श्री नाकोड़ा जी ऑयल मिल प्रोपराईटर श्री अनिल सोनी पुत्र हरिराम सोनी** 1.मैसर्स श्री नाकोड़ा जी ऑयल मिल, प्रोपराईटर श्री अनिल सोनी पुत्र हरिराम सोनी, हाउस नंबर 21, गणपति नगर, पुष्कर रोड, अजमेर, राजस्थान 305005; 2.श्री अनिल सोनी पुत्र हरिराम सोनी, प्लॉट नंबर 69 खसरा नंबर 572, देवगढ़ लाखीना, थांवला रोड, लाखीना औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम लाखीना, थांवला, नागौर-305026	औद्योगिक रूपांतरित भूमि पर प्लांट एवं मशीनरी जो प्लॉट संख्या 69, पुराना खसरा संख्या 348/293, ग्राम-देवगढ़, तहसील-रियाबाड़ी, जिला-नागौर में स्थित है। जो मैसर्स श्री नाकोड़ा जी ऑयल मिल, जरिए जिसके प्रोपराईटर श्री अनिल सोनी पुत्र हरिराम सोनी के नाम से है। क्षेत्रफल 1000 वर्गगज;	ए) 29.05.2025 बी) रू. 51,41,773.69 दिनांक 31.01.2026 तक बकाया एवं आगे का ब्याज एवं खर्चे सी) 26.08.2025 डी) सांकेतिक कब्जा	ए) रू. 45,94,000/- (लागू होने वाले टेक्सों को छोड़कर) बी) रू. 4,59,400/ 15.03.2026 till 11.59 PM सी) रू. 50,000/- डी) 09.03.2026 प्रातः 11 बजे से सांय 4.00 बजे

सीमाएं: पूर्व: 100' चौड़ी सड़क और निकाल, पश्चिम: प्लॉट संख्या 68, उत्तर: प्लॉट संख्या 70, दक्षिण: 40' रास्ता और निकाल ; (प्रतिभूत लेनदारों को ज्ञात देनदारियों का विवरण:- ज्ञात नहीं)

शर्तें व निबन्धन- बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निम्नलिखित शर्तों और निबन्धनों के अधीन होगी। 1. सम्पत्ति को "जो जहाँ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी है" के रूप में बेचा जाएगा। 2. इस अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की प्राप्त पूर्ण जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों को उपर दिखाई गई तालिका के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. उपरोक्त बिक्री **https://baanknet.com** की वेबसाइट पर उपरोक्त वर्णित दिनांक एवं समय पर ई नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। 4. विक्रय की विस्तृत जानकारी हेतु व निबन्धन और शर्तो के लिए कृपया **https://baanknet.com.** देखें। 5. प्लेटफार्म ई-नीलामी सेवाप्रदाता मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान की जाएगी जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट नं. 1, तृतीय तल, VIOS कॉमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट, मुम्बई-400037 में है (हैल्प डेस्क नं. **+91-8291220220, ईमेल आईडी: support.baanknet@psballiance.com)**

दिनांकः 20.02.2026; स्थानः जयपुर

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

प्रतिभूत लेनदार, प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक